अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हुआ समापन

वर्धा, 14 फरवरी 2025 : युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार द्वारा नेहरू युवा केंद्र-मेरा युवा भारत की ओर से आयोजित अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन 10 से 14 फरवरी, 2025 के दौरान महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय के महादेवी वर्मा सभागार में गुरूवार, 13 फरवरी को वर्धा के बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन पावडे की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वृक्षसंवर्धन एवं जल बचत पर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शिवधन शर्मा, बी एस मिरगे, श्याम भेंडे, डॉ. अशोक शेलके, सतीश इंगोले, दयाराम रामटेके, शुभम ताकसांडे आदि उपस्थित रहे।

इस दौरान साक्षी बोरकर, विठ्ठल लचारे, संजय शरणागत ने अपना मनोगत व्यक्त किया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं को प्रीति खोडे ने खेलकूद, नीतू सिंह ने योग प्रशिक्षण तथा वृशाली बकाल ने नृत्य का प्रशिक्षण दिया। सम्मान चिन्ह देकर सत्कार किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंशिका ने किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन गालिब सभागार किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने विभिन्न प्रकार के नृत्य,किवता आदि की प्रस्तुति की गयी। पुना से पधारे 26 युवाओं ने विश्वविद्यालय के मीडिया लैब, संग्रहालय, प्रशासनिक भवन सहित वर्धा के बापू कुटी, मगन संग्रहालय, पवनार आश्रम, एमगिरी आदि स्थलों का भ्रमण किया। समापन के दिन शुक्रवार, 14 को उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया तथा स्वच्छता अभियान भी चलाया।

नेहरु युवा केंद्र–मेरा युवा भारत,